हरिभूमि

# हिसार भूमि

रोहतक, सोमवार, 8 जनवरी 2024

तापमान

अधिकतम 12.0 डिग्री
न्यूनतम 8.1 डिग्री

11 बीपीएल कॉलोनी में बांटी रजाइयां



12 जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने ग्रहण किया पदभार



## खबर संक्षेप

### 11 से 2 बजे तक बिजली सप्लाई रहेगी बाधित

**हांसी।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के 220 केवी बिजली स्टेशन पर विशेष मरम्मत कार्य के कारण 33 केवी पावर हाउस खरड़ से चलने वाले सभी 11 केवी फीडर की सुबह 11 से 2 बजे तक बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। यह जानकारी देते हुए सब अर्बन हांसी के कनिष्ठ अभियंता अनिल कुमार धीमान ने बताया कि इस दौरान खरड़ डीएस, अलीपुर एपी, कुतुबपुर फीडर, लालपुरा एपी, शिव सुप्रीम, ओलिवर इंडस्ट्री सहित खरड़ अलीपुर, कुलाना, लालपुरा, कुतुबपुर व खेतों व फैक्ट्री की बिजली सप्लाई बाधित रहेगी।

### ट्यूबल की तार चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

**नारनौंद।** नारनौंद पुलिस ने दो युवकों को खेतों में ट्यूबल की तार चोरी करने के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान रामफल व सोनू उर्फ सुनील निवासी मोठ करनैल के रूप में हुई है। पुलिस क अनुसार पिछले दोनों मोठ रांगडान के खेतो से अज्ञात चोरों ने ट्यूबल की तार चोरी करके मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की हुई तार भी बरामद कर दोनों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उनको जेल भेज दिया गया।

## पुलिस कप्तान की पहल पर थानों में ही हुई वीसी की व्यवस्था

# अब वीडियो कॉन्फ्रेंस से अदालत में गवाही दे सकेंगे पुलिस कर्मचारी

- नई व्यवस्था से बचेगा पुलिस कर्मचारियों का समय, कर पाएंगे विभाग का काम

राजेश्वर बैनीवाल ⏭ हिसार

आमतौर पर पुलिस थानों से पुलिस कर्मचारियों द्वारा अदालतों में गवाही के लिए जाने व पूरा दिन उसी काम में लग जाने के समाचार आते रहते हैं। अब जिला पुलिस कप्तान मोहित हांडा ने नई पहल करते हुए पुलिस थानों में ही वीडियो कॉन्फ्रेंस की व्यवस्था कर दी है, जिससे कर्मचारी अब वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालत में गवाही दे सकेंगे।

पुलिस प्रशासन का मानना है कि पुलिस कर्मचारियों को अदालत में विचाराधीन किसी भी मामले में गवाही देने के लिए कई बार दिन भर अदालत में उपस्थित रहना पड़ता है। इस कारण अधिक समय व्यर्थ होने के कारण विभागीय व अन्य कार्यों के समय पर निपटान में दिक्कत आती है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए नई व्यवस्था की शुरूआत की जा रही है। इसके शुरू होने से भविष्य में पुलिस कर्मचारियों की अदालती गवाही उसकी तैनाती वाले स्थान से ही वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए हो सकेगी।

### अब अदालत में हाजिर नहीं होना पड़ेगा

नई व्यवस्था के बाद पुलिस कर्मचारियों को अब अदालत में उपस्थित होकर गवाही देने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वे अपने कार्यस्थल पर रहकर गवाही दे सकेंगे और अपना काम भी कर पाएंगे।



### आईटी विंग लगी काम पर

नई व्यवस्था को सिरे चढ़ाने के लिए जिला पुलिस की आईटी विंग काम कर र ही है। इसके लिए जिला के सभी पुलिस स्टेशनों और कार्यालयों में वीसी रिमोट प्वाइंट बनाए गए हैं। पूरा कार्य सुचारू होने के बाद पुलिस कर्मचारी नई व्यवस्था से अदालत में गवाही दे सकेंगे।

### फरलो पर भी लगेगी लगाम

पुलिस प्रशासन का मानना है कि नई व्यवस्था से जहां पुलिस कर्मचारियों का समय बचेगा और विभाग काम को गति मिलेगी वहीं उनके फरलो पर भी लगाम लग पाएगी। आमतौर पर कई ऐसा सामने आता है कि कोई पुलिस कर्मचारी अदालत का नाम लेकर थाने से गया और शाम तक नहीं आया, ऐसे में वीडियो कॉन्फ्रेंस से गवाही होने से उसके फरलो पर भी लगाम लग पाएगी।

### बचेगा पुलिस कर्मियों का समय

*पुलिस विभाग का मानना है कि नई व्यवस्था से पुलिस कर्मचारियों का समय बचेगा। वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अदालत में गवाही होने से पुलिस कर्मचारियों का न केवल समय बचेगा बल्कि विभाग से संबंधित अन्य कार्य भी प्रभावित नहीं होंगे। जब तक गवाही का समय नहीं होगा, तब वे पुलिस थानों में विभागीय कार्य भी सही ढंग से कर पाएंगे।*

### समय बचेगा, काम भी समय पर होगा : एसपी

*पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा का कहना है कि नई व्यवस्था लागू होने से पुलिस कर्मचारी पुलिस थानों से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गवाही दे सकेंगे। इससे उन्हें अदालत आने जाने से निजात मिलेगी और उसका समय भी बचेगा। जिले के सभी पुलिस थानों में व्यवस्था कर ली गई है।*



हिसार। प्रॉपर्टी डीलर से मामले की जानकारी लेते पुलिस। फोटो: हरिभूमि

## जवाहर नगर में प्रॉपर्टी डीलर के कार्यालय पर फायर, शीशा टूटा

- घटना के समय कार्यालय में नहीं था कोई सफाई करने आई महिला ने दी सूचना

**हिसार।** सिविल लाइन क्षेत्र के जवाहर नगर में प्रॉपटी डीलर के कार्यालय में किसी अज्ञात ने गोली चलाकर दहशत फैलाने का प्रयास किया। घटना के समय कार्यालय में कोई नहीं था। रविवार सुबह जब सफाई करने वाली महिला कार्यालय में आई तो उसने गोली से टूटा शीशा देखकर मालिक को सूचना दी।

गोली चलाने की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। सीसीटीवी के अनुसार संदिग्ध युवक गोली चला रहा है। मकान मालिक ने मौके पर आकर पुलिस को सूचना दी, जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की। जवाहर नगर की गली नंबर 2 के रहने वाले राजेश अरोड़ा ने बताया कि जवाहर नगर के पास हरिहर मंदिर वाली गली में श्री रामजी प्रोपर्टीज के नाम से उसका कार्यालय है। कई वर्षों से वह प्रॉपर्टी डीलिंग का काम कर रहा है। रविवार सुबह करीब 10 बजे कार्यालय खुलता है। इससे पहले एक महिला सफाई करने के लिए आती है। सुबह लगभग आठ बजे सफाई करने वाली महिला का उसके पास फोन आया और बताया कि कार्यालय का गली की तरफ लगा शीशा टूटा हुआ है। इसके बाद उसने आकर देखा तो दीवार में गोली लगी हुई मिली। गोली चलने की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सीसीटीवी फुटेज में एक युवक, जिसने टोपी पहनी हुई है वह ऑफिस के पास आता है और शीशे में फायर करता है।

## किसी अनजान को मदद के लिए न दे फोन, हो सकते धोखाधड़ी के शिकार

**हिसार।** पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने कहा है कि अगर कोई अनजान व्यक्ति या महिला आपका फोन मांगे तो तुरत सावधान हो जाए। ऐसा करने से आप धोखाधड़ी का शिकार हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी सार्वजनिक स्थान जैसे रेलवे स्टेशन, बस स्टेंड पर कोई अनजान व्यक्ति या महिला आपके पास आए और आपसे कहे कि उसका फोन काम नहीं कर रहा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यदि कोई मदद की गुहार लगाते हुए एक कॉल करने के लिए फोन मांगे तो आपको सावधान रहना है। इस तरह से मदद करना आप पर बहुत भारी पड़ सकता है, आप ठगी के शिकार हो सकते है। पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि साइबर अपराधी तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। इन्हीं में से एक कॉल फॉरवर्ड करना भी है। धोखेबाज मदद के बहाने से आपके कॉल्स को अपने नंबर्स पर फॉरवर्ड कर लेते हैं। इसके लिए वो आपसे फोन मांगकर उसमें 21 या 401 कोड का इस्तेमाल करते हैं। इन कोड की मदद से आपके फोन पर आने वाले कॉल्स डायवर्ट होकर धोखेबाज के पास चले जाते हैं। अब स्कैमर्स आपके बेंकिंग संबंधी ओटीपी को कॉल्स के माध्यम से अपने फोन पर मंगाते हैं और आपके अकाउंट से धनराशि चुराते है। उन्होंने बताया कि धोखेबाज को आपके फोन पर आने वाले ओटीपी की एक्सेस मिल जाए, तो वो बड़ी आसानी से आपके साथ फ्रॉड कर सकते हैं। इसलिए तमाम बैंक और एक्सपर्ट्स किसी से ओटीपी शेयर न करने की सलाह देते हैं। ऐसे में आप किसी भी अनजान व्यक्ति को अपना मोबाइल फोन देने से बचें, मदद करना अच्छी बात होती है, लेकिन इससे भी जरूरी है सावधानी बरतना।



## मांगें पूरी करवा कर ही दम लेंगे किसान : शमशेर

- पांचवें दिन भी जारी रहा किसानों का बेमियादी धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से लघु सचिवालय के समक्ष दिया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना रविवार को पांचवें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता मास्टर सत्यवीर सिंह गढ़वाल ने की जबकि संचालन कपूर सिंह बगला व हर्षदीप सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

धरने पर बैठे किसान 72 गांवों का बकाया मुआवजा, नरमा कपास समर्थन मूल्य पर खरीद, 2020-21 व 22 का बकाया मुआवजा व 2022-23 का बीमा क्लेम व मुआवजा, आवारा पशुओं पर रोक, नकली खाद बीज व दवाइयां पर रोक लगाने, समय पर गिरदावरी, फसल बीमा योजना में सुधार, प्रेस व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बहाली की मांग कर रहे हैं।

धरने को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन के प्रांतीय प्रधान मांगेराम मलिक ने कहा कि किसान इस कड़ाके की ठंड के अंदर अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे हैं परंतु जिला प्रशासन व सरकार ने आज तक उपरोक्त समस्याओं को लेकर कोई गंभीरता नहीं दिखाई है इसलिए आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

जिला प्रधान शमशेर सिंह नंबरदार ने कहा कि जब तक उपरोक्त सभी मांगों का सरकार बातचीत द्वारा समाधान नहीं करेगी, उस समय तक आंदोलन जारी रहेगा। इसके लिए संयुक्त किसान मोर्चा को चाहे कितनी ही बड़ी कुबार्नी क्यों नहीं देनी पड़े।

आज के धरने को सूबेसिंह बूरा, सुरेंद्र मान, दशरथ मलिक, राजीव मलिक, अनिल बैंदा, ईश्वर सिंह, राजेंद्र उमरा, रणवीर सिंह, प्रियांशु मलिक, सुरेश, प्रेम खरड़, बारुराम भागना, धर्मवीर, बलवंत सिवाच, शीशराम, कुलदीप, सुभाष जांगू, रिछपाल जाखड़, पंकज बगला, महेंद्र बैंदा, रिछपाल जाखड़, श्रवण असरावां, बसाऊ राम, सतबीर, मास्टर विजय कुमार, रामवीर न्यौली, बलराज सहरावत आदि ने भी संबोधित किया।



हिसार। लघु सचिवालय के बाहर अनिश्चित कालीन धरने पर बैठे किसान नेता। फोटो: हरिभूमि



हिसार। कुलपति को ज्ञापन सौंपते वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

## हकृवि वरिष्ठ नागरिक (सेवानिवृत्त) कल्याण परिषद ने वीसी को सौंपा मांग पत्र

- हकृवि प्रशासन से परिषद कार्यालय के लिए स्थान देने का प्रस्ताव रखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय वरिष्ठ नागरिक (सेवानिवृत्त) कल्याण परिषद की बैठक रविवार को हकृवि के लाईब्रेरी ग्राउंड में हुई। बैठक की अध्यक्षता रमेश सैनी ने की। बैठक में परिषद के संस्थापक अध्यक्ष यशवंत सिंह बादल के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

बैठक में कार्यकारिणी सदस्यों ने हकृवि प्रशासन से यशवंत सिंह बादल के नाम से हकृवि वरिष्ठ नागरिक (सेवानिवृत्त) परिषद कार्यालय के लिए विवि प्रांगण में स्थान देने की मांग का प्रस्ताव रखा। परिषद के सदस्यों ने कहा कि हकृवि वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद के 20 वर्ष पूर्ण होने के बाद कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। यह कार्यक्रम 5 फरवरी को परिषद संस्थापक अध्यक्ष के जन्मदिवस पर मनाया जाएगा। बैठक के उपरांत परिषद कार्यकारिणी सदस्य हकृवि कुलपति प्रोफेसर बीआर कंबोज से मिले और नव वर्ष की शुभकामना देते हुए उन्हें मांग पत्र सौंपा। कुलपति ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों का साभार प्रकट किया और उनकी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर रमेश सैनी के अलावा एआर सैनी, इंद्र कुमार, रिसाल सिंह, नन्द लाल गिरधर, अमरजीत जांगड़ा, पीएस चौहान, भगवान दास, राम निवास, धर्मचंद, हीरा लाल व अन्य मौजूद रहे।

## ग्राम सचिव की संदिग्ध मौत मामले में बहल थाना प्रभारी व सरपंच सहित चार पर हत्या का केस दर्ज

- सीसीटीवी में कैद हो गए थे ग्राम सचिव को घायल हालत में ले जाते पुलिस कर्मचारी

**हिसार।** गांव आर्यनगर निवासी ग्राम सचिव रामप्रसाद की छत से गिरकर हुई मौत मामले में आजाद नगर पुलिस ने बहल थाना प्रभारी व बहल के सरपंच सहित दो अन्य पुलिस कर्मचारियों पर हत्या का केस दर्ज किया है। मृतक के शव का रविवार को मजिस्ट्रेट की निगरानी में पोस्टमार्टम कर दिया गया, जिसे सोमवार को परिजनों को सौंपा जाएगा। मामले के अनुसार आर्यनगर निवासी लगभग 51 वर्षीय ग्राम सचिव की संदिग्ध हालत में घर की दूसरी मंजिल से गिरने से मौत हो गई थी। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने उसे धक्का दिया है। छत से गिरने के बाद पुलिसकर्मी ही ग्राम सचिव रामप्रसाद को निजी अस्पताल में लेकर गए जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पूरी घटना घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी। इस संबंध में मृतक रामप्रसाद के भाई शंकरलाल ने आजाद नगर थाना में शिकायत दी है। शिकायत में शंकरलाल ने बहल थाना प्रभारी, दो अन्य पुलिस कर्मचारी तथा बहल के मौजूदा सरपंच को आरोपी बनाया है। शिकायत के अनुसार उसका भाई रामप्रसाद बहल ब्लाक के बहल गांव में पंचायत सचिव के पद पर कार्यरत था। पंचायत का पूर्ण रिकार्ड चार्ज में न देने के आरोप में 3 सितम्बर 2023 को राजकीय महिला महाविद्यालय बहल में जनसंवाद कार्यकम के दौरान कृषि एवं पशुपालन मंत्री एवं भिवानी के उपायुक्त द्वारा उसके भाई रामप्रसाद के खिलाफ ग्राम पंचायतों का रिकार्ड न देने पर एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश दिए थे। उसके भाई को बिना किसी जांच व एफआईआर दर्ज किए बिना 9 दिसम्बर 2023 को बहल के खंड विकास अधिकारी ने सेवा से निलंबित कर दिया। इसी दौरान बहल थाना प्रभारी सुमित कुमार व जांच अधिकारी एएसआई गंगाराम ने कई बार पूछताछ के लिए बुलाया। उस दौरान उसके भाई ने बताया था कि उससे जो रिकार्ड मांग रहे हैं, वह उसने पहले ही वर्तमान सरंपच साधूराम को सौंप दिया है जिसकी पावती उसके भाई ने पुलिस को दे दी थी।





हांसी। विश्राम गृह में खड़ी महाबीर सोनी की गाड़ी आई-10।

## हांसी में खड़ी गाड़ी का मेवात में कटा हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट का चालान

**हांसी।** हांसी के एक सोशल मीडिया चैनल के कैमरामैन की गाड़ी का रविवार को यहां से करीब 250 किमी दूर मेवात में एक टोल प्लाजा पर चालान कट गया। चालान के समय सोशल मीडिया चैनल के कैमरामैन की गाड़ी हांसी में मौजूद थी। हालांकि पुलिस द्वारा किए गए चालान उसी वक्त भर दिया। चालान भरे जाने के बाद मोबाइल फोन पर मैसेज आने के बाद गाड़ी मालिक व सोशल मीडिया चैनल के कैमरामैन को इसके बारे में पता चला कि उसकी गाड़ी का मेवात ट्रैफिक पुलिस ने चालान किया है। चालान का मैसेज आने के बाद गाड़ी मालिक मौची मौहल्ला निवासी व सोशल मीडिया चैनल के कैमरा मैन महाबीर सोनी ने बताया कि उसके पास एचआर 51 बीटी0051नंबर की आई-10 कार है। उसकी कार रविवार सुबह से हांसी में है लेकिन रविवार दोपहर 1:22:47 बजे उसके मोबाइल पर मेवात ट्रैफिक पुलिस का एक मैसेज आया कि आपकी गाड़ी की हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट का मेवात में घाटा टोल प्लाजा के समीप 500 रुपए चालान किया गया। महाबीर सोनी ने बताया कि उसकी गाड़ी और वह स्वयं आज सुबह से हांसी में और उसकी गाड़ी विश्राम गृह में खड़ी हुई है।

**योजना** छह माह बाद पोर्टल फिर हुआ शुरू, 407 आंगनवाड़ी वर्कर्स को मिला स्मार्ट फोन

# हांसी क्षेत्र की 1229 महिलाओं को अब मिलेगा प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के लाभ से वंचित हांसी क्षेत्र की 1229 लाभपात्र महिलाओं को करीब छह माह बाद मातृत्व वंदना योजना का लाभ मिलेगा। क्षेत्र में 929 महिलाएं ऐसी है जिनको पहले बच्चे के बाद पांच हजार रुपए नहीं मिल रहे थे वहीं 300 महिलाएं ऐसी हैं, जिनको दूसरे बच्चे के बाद 6 हजार रुपए एकमुश्त राशि नहीं मिल पा रही थी। अब इस योजना का लाभ पहुंचाने के लिये पोर्टल को फिर से शुरू कर दिया गया है। फार्म अपलोड करने के लिये अब आंगनवाडी वर्कस की ड्यूटियां लगाई गई है।

बता दें कि पिछले साल जून में योजना संबंधित विभाग का पोर्टल बंद हो गया था। पोर्टल में इस योजना में एक ओर बदलाव करने के चलते उस पोर्टल को अपडेट करने का कार्य चल रहा था। जिस कारण कोई भी डेटा फीड नहीं हो पाया लेकिन 5 मई के बाद भारत सरकार द्वारा योग्य लाभार्थियों के फार्म आंगनबाड़ी वर्करों व सुपरवाइजरों द्वारा ही भरें जाने का पत्र जारी कर दिया था। इसके बाद विभाग ने 5 मई को हेड आफिस से सभी आंगनबाड़ी वर्करों व सुपरवाइजर की आईडी बनाकर उन्हें दे दी थी, लेकिन आंगनबाड़ी वर्कर व सुपरवाइजर तभी से विभाग द्वारा दी गई आईडी का विरोध कर रही हैं क्यों कि इसमें कुछ भी एडिट नहीं हो पा रहा है लेकिन अब उन्हें परेशान नहीं होना पड़ेगा, क्योंकि अब पोर्टल फिर से शुरू हो गया है और साथ ही सरकार द्वारा हांसी क्षेत्र की करीब 407 वर्करों को स्मार्ट फोन दिया गया है। अब सभी वर्कर अपने-अपने स्मार्ट से पोर्टल पर काम करके रुकी हुई लाभार्थी महिलाओं की पेमेंट योजना के तहत मिलनी शुरू हो जाएगी।



हांसी। महिला एवं बाल विकास अधिकारी कार्यालय। फोटो: हरिभूमि

### यह बोली विभाग की सीडीपीओ

*हांसी की सीडीपीओ मीना नागपाल का कहना है कि पीएमएमवीवाई योजना का लाभ लेने के लिये विभाग को जो पोर्टल पिछले लगभग 6 माह से नई योजना को लेकर अपडेट हो रहा था, अब वह शुरू हो गया है। इसके अलावा लगभग 407 वर्करों व सुपरवाईजरों को सरकार द्वारा स्मार्ट फोन वितरित किये गये हैं। वर्करों द्वारा बार-बार स्मार्ट फोन की डिमांड की जा रही थी। जो अब वह पूरी हो गई। अब किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होगी। वहीं अब स्वास्थ्य विभाग की एएनएम की जगह आंगनवाड़ी वर्कर फार्म भरकर खुद पोर्टल पर अपडेट करेगी।*

### एएनएम भरवाती थी फार्म

पहले पीएमएमवीवाई के तहत लाभ लेने वाली महिलाओं का फार्म स्वास्थ्य विभाग की एएनएम भरकर महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय में अपलोड करवाती थी, लेकिन अब फार्म भरने से लेकर पोर्टल पर अपलोड करने की जिम्मेदारी आंगनवाड़ी वर्कर को दे दी गई है। यह बदलाव विभाग के पास आये नये पत्र के तहत किया गया है।

### 424 आंगनबाड़ी वर्कर्स की बनाई हुई है आईडी

*क्षेत्र में 424 आंगनबाड़ी वर्कर्स के लिए भारत सरकार द्वारा आवेदन करने की आईडी बनाई हुई है। अब 407 आंगनबाड़ी वर्कर्स काम कर रही है। आंगनबाड़ी वर्कर व सुपरवाइजर ही डिलीवरी वाली पात्र महिलाओं के इस योजना के तहत आवेदन कर सकती हैं। वर्करों के साथ-साथ 17 सुपरवाइजर शामिल है। योजना का लाभ पहले बच्चे पर दो किस्तों में पांच हजार व दूसरे बच्चे पर एकमुश्त राशि छह हजार रुपए दी जाती है।*

### लगभग 6 माह से पोर्टल पड़ा था बंद

पिछले साल अप्रैल-मई में योजना में दूसरी डिलीवरी पर बेटी होने पर सरकार द्वारा सहयोग राशि देने का ऐलान किया गया था। तब से विभाग द्वारा लाभाथी महिलाओं से योजना के तहत भरे जाने वाले फार्म लेने बंद कर दिये थे। यही कारण है कि लाभाथी महिलाएं पिछले 6 महीने से योजना का लाभ लेने के लिये इंतजार कर रही थी।

छिपकली एक ऐसा जीव है, जिसका दिल एक मिनट में 1000 से ज्यादा बाद धड़कता है।





मच्छर पुरुषों की तुलना में महिलाओं को अधिक काटते हैं, क्योंकि उनकी त्वचा नरम होती है।

# छात्र पढ़ाई के साथ-साथ बिना निवेश के कमा सकते हैं पैसा



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

आज के समय में हर कोई यही चाहता है कि उसके पास एक्ट्रा इनकम हो। स्टूडेंट लाइफ में बिना निवेश के भी पैसे कमाए जा सकते हैं। बहुत सारे स्टूडेंट ऐसे होते हैं जो अपने पेरेंटस के ऊपर निर्भर नहीं रहना चाहते हैं। वह सोचते हैं कि 12वीं की पढ़ाई के बाद अपने खर्च खुद उठाएं। इसके लिए वह ऑनलाइन पैसे कमाने के तरीके ढूंढते हैं। अगर आप भी उन स्टूडेंट में से एक है तो आज हम आपके लिए कुछ ऐसे ही ऑनलाइन बिजनेस तरीके लेकर आए हैं जिसके जरिए आप घर बैठे ही पैसे कमा सकते हैं। वह भी बिना निवेश किये। ऐसे कई तरीके है जिससे आसानी से पैसा कमाया जा सकता है।

## ट्यूशन क्लासेज

आज के समय में बहुत सारे स्टूडेंट ऐसे होते हैं जो ऑनलाइन ट्यूशन भी लेते हैं। ऐसे में अगर आप घर बैठे चाहे तो ट्यूशन क्लासेस शुरू कर सकते हैं या फिर ऑफलाइन भी ट्यूशन क्लासेस शुरू कर सकते हैं। उसमें आपको केवल दो से तीन घंटे इन्वेस्ट करने होंगे और आप बच्चों को ट्यूशन पढ़ा सकते हैं। अगर आप छोटे बच्चों को ट्यूशन पढ़ाते हैं तो आपको अच्छे पैसे भी मिल जाते हैं। ट्यूशन शुरू करने के बहुत सारे फायदे भी होते हैं जैसे कि आपकी खुद की पढ़ाई भी होती रहती है। अगर आप बच्चों को पढ़ाते हैं तो आपको भी कुछ नया सीखने को मिल जाता है और आपके ज्ञान में बढ़ोतरी होती है।



### शेयर मार्केट में निवेश

अगर आप टेक्निकल एनालिसिस और फंडामेंटल एनालिसिस कोर्स की तैयारी कर रहे हैं तो यह आपको शेयर मार्केट में इन्वेस्ट करने में काफी अच्छी मदद कर सकता है। वैसे तो स्टूडेंट के पास लिमिटेड पॉकेट मनी होती है इसमें आप कुछ पैसे इन्वेस्ट कर सकते हैं। अगर आप शुरू शुरू में अच्छी तरह से इन्वेस्ट करना सीख जाते हैं और आपको प्रॉफिट होने लगता है तो आप बड़े शेयर भी खरीद सकते हैं और बड़ा मुनाफा पा सकते हैं।

## ऑनलाइन ट्यूटर

अगर आपके पास खुद की काबिलियत है जैसे की फोटो एडिटिंग, वीडियो एडिटिंग, सिंगिंग, फोटोग्राफी किसी भी चीज का शौक रखते हैं और उसमें काफी अच्छी कला है तो लोगों को सिखा सकते हैं। तो उसे ऑनलाइन ट्यूटर के द्वारा अन्य लोगों को भी सिखाया जा सकता है। इससे आप ऑनलाइन पैसे कमा सकते हैं।

### फ्रीलांसिंग

जब अपनी स्किल से कोई काम करते हैं तो उसे फ्रीलांसिंग कहा जाता है इसके बदले आपको पैसे भी मिलते हैं। फ्रीलांसिंग का मतलब यही होता है कि अपनी स्किल को बेचना और पैसे कमाना। अगर आपके पास कोई भी अच्छी स्किल या काबिलियत है तो आप उसे फ्रीलांसिंग करके बहुत सारे पैसे कमा सकते हैं। इसका मतलब होता है फोटो एडिटिंग, वीडियो एडिटिंग, घोस्ट राइटिंग, डाटा एंट्री, कंटेंट राइटिंग, लोगो मेकर इत्यादि काम करके आप पैसे कमा सकते हैं।

### टेलीग्राम एप से कमाए पैसे

आज के समय में बहुत सारी एप ऐसी है जिनके जरिए आप ऑनलाइन पैसे कमा सकते हैं। टेलीग्राम एप एक शेयरिंग एप है। जहां पर हजारों लोगों का ग्रुप बना सकते हैं और उसे ग्रुप में आप टैक्स वीडियो मूवी लिंक ऑडियो डॉक्यूमेंट कुछ भी शेयर कर सकते हैं। इस शेयर करने के जरिए आप बहुत सारे पैसे कमा सकते हैं। अगर आप टेलीग्राम पर हजारों लोगों को एक बार ग्रुप में ऐड कर लेते हैं और उन्हें कुछ ना कुछ शेयर करते हैं तो इसके जरिए पैसे कमाए जा सकते हैं।

## इन तरीकों से कमाए जा सकते हैं पैसे

### एफिलिएट मार्केटिंग

ऑनलाइन पैसे कमाने के लिए एफिलिएट मार्केटिंग बहुत ही बड़ा प्लेटफार्म है। एफिलिएट मार्केटिंग में आपको केवल किसी कंपनी या प्रोडक्ट या सेवा को आगे प्रमोट करना होता है या सेल करके कमीशन पाना होता है। इसके लिए मार्केटिंग बिल्कुल फ्री में शुरू की जा सकती है और बहुत ही जल्द पैसे कमाए जा सकते हैं। एफिलिएट मार्केटिंग के लिए आपके पास लोगों का ग्रुप होना चाहिए जिन्हें आप प्रोडक्ट शेयर कर सकते हैं। इसके लिए सोशल मीडिया का भी उपयोग किया जा सकता है। इसी के साथ आप एप ब्लॉग या ऑनलाइन विज्ञापन के द्वारा भी अपने प्रोडक्ट को सेल कर सकते हैं।

### ब्लॉगिंग करके पैसे कमाए

आज के समय में बहुत सारे स्टूडेंट ऐसे हैं जो ब्लॉगिंग करके पैसे कमा रहे हैं। ब्लॉगिंग का मतलब होता है ब्लॉग लिखना। ब्लॉग मतलब आर्टिकल जिन्हें आप ऑनलाइन अपलोड कर सकते हैं। ब्लॉग को आप वेबसाइट भी समझ सकते हैं। जहां से हम सभी प्रकार की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अगर आप भी ब्लॉग लिखना शुरू करना चाहते हैं तो इसके लिए सोशल मीडिया पर आजकल बहुत सारे ग्रुप मिल जाते हैं आप वहां से क्लाइंट ढूंढ सकते हैं और ब्लॉगिंग शुरू कर सकते हैं या अधिक जानकारी आप यूट्यूब से भी ले सकते हैं।

### यूट्यूब से पैसे कमाए

आज के समय में ऑनलाइन पैसे कमाने के लिए यूट्यूब सबसे बड़ा प्लेटफार्म है। अगर आप भी सोच रहे हैं कि आप स्टूडेंट और पैसे कैसे कमाए तो यह आपके लिए बेस्ट ऑप्शन है। इसमें आप यूट्यूब चैनल शुरू करके अपनी स्किल और जानकारी के आधार पर वीडियो अपलोड कर सकते हैं। यूट्यूब से बहुत सारे पैसे कमाए जा सकते हैं लेकिन इसके लिए आपको 1000 सब्सक्राइबर 4000 घंटे का वॉच टाइम भी चाहिए होता है।

### रेफर एंड अर्न

आप रेफर एंड अर्न प्रोग्राम के जरिए अच्छे खासे पैसे कमा सकते हैं। आजकल बहुत सारी एप भी ऐसी आती है जिनके जरिए आप अपने दोस्तों को रेफर करके पैसे कमा सकते हैं।

### अमेजॉन

स्टूडेंट के लिए अमेजॉन प्लेटफार्म एक बेस्ट ऑप्शन है। यहां पर आप बहुत सारे तरीके से पैसे कमा सकते हैं जैसे कि अमेजॉन ऐप को रेफर करके बहुत सारे कैशबैक कमाए जा सकते हैं।

## यह एक प्रतिष्ठित पद, कड़ी मेहनत से ही मिलती नौकरी

# बेहतर भविष्य बनाना चाहते हैं तो आरटीओ ऑफिसर बन चमका सकते हैं करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

आरटीओ अफसर एक प्रतिष्ठित पद होता है। इस पद को प्राप्त करने के लिए बहुत कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। सरकारी नौकरी का नाम सुनते ही भविष्य में सुरक्षा नाम का शब्द और भी मजबूती लेकर आता है। अगर आप भी अपना बेहतर भविष्य बनाना चाहते हैं तो इसके लिए आप आरटीओ ऑफिसर बनने के बारे में विचार कर सकते हैं। आज के आर्टिकल में हम आपको इसी बात की जानकारी देने जा रहे हैं कि आरटीओ अफसर क्या होता है। आपने अक्सर ही आरटीओ ऑफिसर के बारे में जरूर सुना होगा। अगर आपके घर में गाड़ी है या किसी के पास लाइसेंस है तो इस बात की जानकारी आपको अवश्य होगी। यह सरकारी विभाग होता है जो भारत सरकार के अंतर्गत ही आता है। यह विभाग मोटर वाहन से जुड़े अधिनियम के पालन देखने को रक्षा के लिए बनाया हुआ है। मोटर वाहन विभाग की स्थापना 1988 की धारा 213 के तहत की गई थी। यह पूरे देश में लागू एक केंद्रीय अधिनियम है। प्रत्येक राज्य और शहर में अपना ही एक आरटीओ कार्यालय होता है जहां पर सब की जिम्मेदारी अलग-अलग होती है।



### आरटीओ की फुल फॉर्म

आरटीओ की फुल फोर्म रिजनल ट्रांसपोर्ट ऑफिसर होता है। जिसका हिंदी में मतलब होता है क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय। आरटीओ ऑफिसर वह ऑफिसर होता है जो इन सभी दफ्तर में एक अधिकारी के तौर पर काम करता है। हर ऑफिस के लिए अलग-अलग आरटीओ ऑफिसर नियुक्त किया जाता है। सरल भाषा में ऑफिसर को इंचार्ज भी कहा जा सकता है।

### आरटीओ के पद की रैंक

आरटीओ ऑफीसर ग्रेड बी का अधिकारी होता है। यह एक उच्च अधिकारी में सम्मिलित होता है जिसे अपने क्षेत्र के वाहन की जांच करने और वाहन से संबंधित सभी प्रकार के डॉक्यूमेंट की जांच करने का अधिकार प्राप्त होता है।

## वाहन जांच करने और चालान काटने का अधिकार



## आरटीओ ऑफीसर के कार्य

अगर आप भी आरटीओ ऑफिसर बनने की चाहत रखते हैं तो इसके लिए आपको इस बात की जानकारी रखना बहुत ही ज्यादा जरूरी है, कि आखिरकार आरटीओ ऑफिसर के क्या-क्या काम होते हैं। तो आइए आपको बताते हैं कि आरटीओ ऑफीसर क्या काम करता है।

**1. ड्राइविंग लाइसेंस :** आपने अक्सर ही ड्राइविंग लाइसेंस के बारे में सुना होगा। जब किसी वाहन को चलाया जाता है तो उसको चलाने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस बनवाना बहुत ही ज्यादा जरूरी होता है। यह लाइसेंस आरटीओ डिपार्टमेंट के द्वारा ही मिलता है। ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के लिए कुछ ड्राइविंग के टेस्ट देने भी अनिवार्य होते हैं। जब हम इन टेस्ट में पास हो जाते हैं तभी हमारा लाइसेंस बनता है। यह काम आरटीओ ऑफिस में होता है।

**2. वाहन का रजिस्ट्रेशन :** जब कोई नया वाहन खरीदता है तो उस पर कानूनी आधार पर हक पाने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य होता है। बिना नंबर प्लेट के कोई भी गाड़ी चलाना गैरकानूनी माना जाता है। यह काम भी आरटीओ डिपार्टमेंट का ही होता है। रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए आपको आरटीओ ऑफिस में जाना ही पड़ता है।

**3. प्रदूषण का टेस्ट :** आरटीओ टीम के द्वारा गाड़ियों का प्रदूषण लेवल भी टेस्ट किया जाता है, जिस वाहन में ज्यादा प्रदूषण होता है उनका लाइसेंस कैंसल कर दिया जाता है। समय-समय पर प्रदूषण का टेस्ट अनिवार्य होता है।

**4. बीमा :** अगर आप अपने वाहन का इंश्योरेंस करवाना चाहते हैं तो इसके लिए भी आपको आरटीओ डिपार्टमेंट में जाना ही जरूरी होता है। यह काम आरटीओ ऑफीसर के द्वारा ही किया जाता है। अगर आपको अपनी गाड़ी का बीमा करवाना है तो आपको आरटीओ ऑफिस में जाना ही पड़ेगा। यह सभी काम आरटीओ ऑफीसर को करने होते हैं। इसी के साथ आरटीओ ऑफीसर की पोस्ट भी अलग-अलग होती है लिए आपको उन सभी की जानकारी देते हैं।



## कैसे बन सकते हैं आरटीओ ऑफिसर

- गाड़ियों का पंजीकरण भारतीय सरकार के विभाग के द्वारा ही किया जाता है जिसे आरटीओ डिपार्टमेंट कहा जाता है। लेकिन आरटीओ ऑफिसर बनने के लिए बहुत ही ज्यादा कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। आइए आपको विस्तार में समझाते हैं कि आरटीओ ऑफिसर कैसे बन सकते हैं।
- आरटीओ ऑफीसर के लिए सीधा चयन नहीं होता है। इसके लिए आपको सबसे पहले आरटीओ या आईएमवी के पद पर चयनित होना पड़ता है। इसके कुछ सालों बाद ही आरटीओ के पद पर नियुक्ति होती है।

## आरटीओ बनने के लिए योग्यता

- सबसे पहले उम्मीदवार को 12वी पास होना अनिवार्य होता है।
- अगर आप इसमें और भी अधिक हाई पोस्ट प्राप्त करना चाहते हैं तो इसके लिए आपको सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से ग्रेजुएशन में पास होना अनिवार्य है।
- इस पद के लिए महिलाएं और पुरुष दोनों ही समान पूर्वक आवेदन कर सकते हैं।
- आरटीओ ऑफिसर बनने के लिए न्यूनतम आयु सीमा 21 साल है और अधिकतम आयु सीमा 30 साल है।
- ओबीसी उम्मीदवार के लिए 3 साल तक की छूट दी जाती है और एससी और एसटी के लिए 5 साल तक की छूट दी जाती है।
- बाकी सभी राज्यों की अलग-अलग आयु सीमा क्वालिफिकेशन अलग-अलग निर्धारित की जाती है।


## लिखित परीक्षा की जानकारी

- आरटीओ की जो लिखित परीक्षा होती है वह 2 घंटे की होती है। इसमें 200 अंक का पेपर जारी किया जाता है और उसी के अनुसार प्रश्न पूछे जाते हैं। इसमें निम्नलिखित सब्जेक्ट से संबंधित प्रश्न किए जाते हैं।
- आर्थिक और सामाजिक विकास
- पर्यावरण और पारिस्थितिकी
- भारत का इतिहास और भूगोल
- राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय वर्तमान घटनाक्रम
- अंग्रेजी भाषा
- सामान्य विज्ञान

## शारीरिक परीक्षण

- लिखित परीक्षा पास करने के बाद फिजिकल टेस्ट होना भी अनिवार्य होता है। इसी के अनुसार नौकरी में पद निर्धारित किया जाता है।
- अगर आप सुरक्षा से संबंधित नौकरी के लिए आवेदन कर रहे हैं तो इसके लिए फिजिकल टेस्ट और मेडिकल टेस्ट का मानक अलग-अलग होता है और अगर आप अन्य पद के लिए आवेदन कर रहे हैं तो उसका स्टैंडर्ड भी अलग होता है।
- फिजिकल टेस्ट और मेडिकल टेस्ट के द्वारा उसे विभागीय संस्था के योग्य और अयोग्य ही आपको घोषित किया जाता है और उसी के अनुसार आपको पद भी दिया जाता है। इसीलिए उम्मीदवार को उसमें भी उत्तीर्ण होना अनिवार्य होता है।
- फिजिकल टेस्ट चयन प्रक्रिया लड़की या लड़का माप तोल विभिनता के अनुरूप ही होता है जैसे की लंबाई सीना दौड़ इत्यादि सभी को निर्धारित करते हुए फिजिकल टेस्ट किया जाता है। पुरुष अभ्यार्थी के बजाएं महिला अभ्यर्थी को कुछ चीजों में छूट भी दी जाती है।

# नव वर्ष अपने सपनों और लक्ष्यों को पूरा करने के लिए लें संकल्प



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

नए वर्ष का आगमन हम सभी के जीवन में एक नए अध्याय की शुरुआत का समय लाता है। यह एक समय है जब हम सामान्यतः अपने लक्ष्यों, सपनों, और उम्मीदों की ओर बढ़ने के संकल्प लेते हैं। नए साल का स्वागत सकारात्मक ऊर्जा, नए आरंभों, और आत्म-समर्पण की भावना के साथ होता है। छात्रों के लिए नए वर्ष में संकल्प लेना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह एक नए आरंभ की भावना पैदा करता है और उन्हें नए लक्ष्यों की दिशा में मुख्याधिकारी बनाता है। इस साल के लिए निर्धारित किए जाने वाले संकल्प से ही छात्र अपनी प्रगति को मापते हैं और सफलता की ओर बढ़ते हैं। छात्र नए वर्ष में अपने अध्ययन और व्यक्तिगत जीवन को संगठित और स्वच्छ रखने का आदान-प्रदान बनाए रखना उन्हें अच्छी तरह से समर्थन कर सकता है।

## अध्ययन में नई तकनीकें अपनाने का लें निर्णय

छात्र नए वर्ष में नई अध्ययन तकनीकें अपनाने का निर्णय कर सकते हैं। नए और प्रभावी तकनीकों का समय-समय पर अध्ययन करना उनके अध्ययन में नयापन लाने में मदद कर सकता है। एक स्वस्थ जीवनशैली की दिशा में संकल्प लेना भी महत्वपूर्ण है। यहां तक कि योग, व्यायाम, और स्वस्थ आहार की दिशा में संकल्प बना सकता है, जो छात्र की ताकत बढ़ाने और तनाव को कम करने में सहारा प्रदान कर सकता है। छात्र नए साल में सामाजिक सेवा और सहयोग के प्रति अपना संकल्प बना सकते हैं। यह उन्हें समाज में योगदान करने और अन्यों की मदद करने का अवसर प्रदान कर सकता है।

**संकल्पों का पालन :**

1. नए लक्ष्यों की प्राप्ति में सहायक होते हैं।
2. सामर्थ्य और आत्मविश्वास को बढ़ावा देते हैं।
3. स्थिरता और नियमितता को बनाए रखते हैं।
4. सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करते हैं।

नए वर्ष में संकल्प बनाना और उन्हें पालन करना छात्रों को नई ऊँचाइयों तक पहुँचने में मदद कर सकता है और उन्हें सफलता की राह में मार्गदर्शन कर सकता है। यह समय है नए शैक्षिक और व्यक्तिगत अनुभवों की ओर बढ़ने का, जिससे छात्र अपनी पूर्णता की दिशा में बढ़ सकता है।

**संकल्प और उद्दीपन:** नए वर्ष के आगमन के साथ, हम अपने जीवन में नए संकल्प बनाने का एक अद्वितीय अवसर प्राप्त करते हैं। ये संकल्प हमें नए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं और एक सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ जीवन की राह में मार्गदर्शन करते हैं। संकल्प नहीं सिर्फ एक वचन होता है, बल्कि यह हमारे मन की गहराइयों से निकलकर हमें कार्रवाई करने के लिए प्रेरित करता है।

**नए उद्दीपन की आवश्यकता:** संकल्पों के साथ, हमें नए उद्दीपन की भी आवश्यकता होती है। यह उद्दीपन हमें उन महत्वपूर्ण मुद्दों की पहचान करने में मदद करता है जो हमें अगले वर्ष में सफलता की दिशा में बढ़ने में मदद कर सकते हैं। यही वह समय है जब हमें अपने उद्दीपन को साझा करना चाहिए ताकि हम एक दूसरे को प्रेरित कर सकें।

## आत्म-समर्पण का महत्व

नए वर्ष में आत्म-समर्पण की भावना बनाए रखना हमारे लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकता है। यह एक सकारात्मक माहौल बनाए रखने में सहारा प्रदान करता है और हमें प्रतिस्पर्धा और चुनौती के मुकाबले के लिए तैयार बनाता है।

**आत्म-नियंत्रण और सकारात्मक सोच:** नए साल में अपने विचारों को पॉजिटिव और सकारात्मक बनाए रखना भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह हमें आत्म-नियंत्रण में रहने में मदद करता है और जीवन की हर स्थिति को एक अवसर में बदलने की क्षमता प्रदान करता है। सकारात्मक सोच हमें उत्साही और सहानुभूति बनाए रखने में सहारा करती है। "परीक्षाएं एक छात्र के शैक्षिक सफर का एक अभिन्न हिस्सा हैं, लेकिन जो दबाव उनके साथ आता है, वह अत्यधिक हो सकता है। जब हम नए वर्ष में कदम रखते हैं, यह छात्रों के लिए एक अवसर है अपने परीक्षा तनाव के सामने अपने दृष्टिकोण को पुनरीक्षित करने और एक स्वस्थ मानसिकता को बढ़ावा देने के लिए निर्धारित करने का।"

**परीक्षा दबाव की समझ:** आशाएं, प्रतिस्पर्धा और उत्कृष्टता की इच्छा का बोझ छात्रों के लिए तनाव का एक सही तूफान बना सकता है। असफलता का भय, सामाजिक अपेक्षाएं और शैक्षिक जिम्मेदारियों का भार मानसिक और शारीरिक अच्छा होने पर कुर्बानी दे सकता है।

**स्थिति का संबंध बनाए रखना:** निर्धारण करने से पहले, संकल्पों के यात्रा पर कुछ भी करने से पहले, छात्रों के लिए उनकी वर्तमान स्थिति का मूल्यांकन करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। अपनी ताकतें, कमजोरियाँ, और तनाव के मूल कारणों की पहचान करना मौलिक दृष्टिकोण प्रदान कर सकता है। यह स्व-जागरूकता परीक्षा दबाव के साथ निपुण रणनीतियों की नींव रखती है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** जीवन बीमा निगम की कौन सी पालिसी विशेषतः बच्चों के हितार्थ नही है।
(ए) जीवन किशोर
(बी) जीवन सुकन्या
(सी) जीवना छाया
(डी) जीवन सुरक्षा

**2.** बीमा वियामक एवं विकास प्राधिकरण का मुख्यालया कहाँ है।
(ए) नई दिल्ली में
(बी) हैदराबाद
(सी) अहमदाबाद
(डी) चेन्नई

**3.** आर.एन.मल्होत्रा समिति ने किस क्षेत्र से सम्बन्धित सुधारों के लिए रिपोर्ट प्रस्तुत की थी।
(ए) बीमार उद्योग
(बी) कर सुधार
(सी) बीमा क्षेत्र
(डी) बैंकिंग क्षेत्र

**4.** भारतीय स्टॉक बाजार का विनियमन और पर्यवेक्षण किसके द्वारा किया जाता है।
(ए) आरबीआई
(बी) यूटीआई
(सी) आईसीआईसीआई बैंक
(डी) सेबी

**5.** भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड की स्थापना कब की गई थी।
(ए) 1988में
(बी) 1992 में
(सी) 1993में
(डी) 2002 में

**6.** भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड को किस एक अध्यादेश द्वारा वैधानिक दर्जा प्रदान किया गया।
(ए) 1988ई0
(बी) 1990ई0
(सी) 1992ई0
(डी) 1993ई0

**7.** सेबी के कार्यों में सम्मिलित है
(ए) स्टॉक एक्सचेंज के कार्यों की विनियमित करना।
(बी) शेयर बाजार से सम्बन्धित अनुचित एवं धोखाधड़ी से परिपूर्ण व्यापारिक कार्यों पर रोक लगाना
(सी) प्रतिभूतियों के अन्तरंग व्यापार को नियंत्रित करना
(डी) उपर्युक्त में से सभी

उत्तर 1.(डी) 2.(बी) 3.(सी) 4.(डी) 5.(ए) 6.(सी) 7.(डी)

## खबर संक्षेप



### पुरानी अनाज मंडी में जनसभा का आयोजन

**उकलाना मंडी।** पुरानी अनाज मंडी में जनसेवा मिशन 2024 की ओर से जनसभा का आयोजन किया गया। पार्टी संस्थापन बलराज कुडू ने इस अवसर पर कहा कि जनसेवा के उद्देश्ये पार्टी का गठन किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि आज के समय महंगाई बढ़ रही है, बेरोजगारी भी बढ़ रही है, हर रोज लूटपाट हो रही है, हर वर्ग सरकार से दुखी है, कर्मचारी कार्यालय में सुरक्षित नहीं है विद्यार्थी स्कूल में सुरक्षित नहीं है, किसान खेत में सुरक्षित नहीं है, महिलाएं इस प्रदेश में सुरक्षित नहीं है। हर तरफ हाहाकार मची हुई है।



### साप्ताहिक सुदर्शन क्रिया फॉलोअप आयोजित

**हिसार।** आर्ट ऑफ लिविंग की हिसार इकाई की ओर से रविवार को श्री श्री रविशंकर की पवित्र वाणी में वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित श्वसन तकनीक दिव्य-सुदर्शन क्रिया फॉलोअप का आयोजन किया गया। आज का सत्र दो स्थान-भारत माता मंदिर एवं आर्ट ऑफ लिविंग हैप्पीनेस सेंटर मे आयोजित किया गया जिसका संचालन आर्ट ऑफ लिविंग स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर नीरज गुप्ता एवं स्टेट टीचर कोऑर्डिनेटर महावीर अग्रवाल ने किया।

नीरज गुप्ता ने तीन बार ॐकार की ध्वनि से शुरूआत करते हुए साधकों को संगीतमय योगासन करवाया। सूर्य-नमस्कार के कुछ चक्र के पश्चात साधकों को पद्म साधना का अभ्यास करवाया गया।



### मंगाली में पुलिस ने करवाया क्रिकेट मैच का आयोजन

**हिसार।** यूथ एंगेजमेंट कार्यक्रम के तहत मगाली चौकी पुलिस ने खेलों को बढ़ावा देने और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए गांव मंगाली में क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। मगाली चौकी प्रभारी एएसआई कृष्ण ने बताया कि गांव मंगाली में मंगाली आकलन और मंगाली झारा की क्रिकेट टीमों के के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए मंगाली आकलन की टीम ने 10 ओवर में 56 रन बनाए। इसके जवाब में मंगाली झारा की टीम ने 8 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर जीत दर्ज की। मंगाली झारा टीम ने मैच जीता। खेल क्रिकेट मैच के दौरान ग्रामीण युवाओं नशे के खिलाफ और सड़क सुरक्षा के प्रति सजग करते हुए यातायात नियमों की जानकारी दी गई। मैच के उपरांत पुलिस ने खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए रिफर्शमेंट करवाया गया।

## श्री अग्रवाल सेवा समिति ने किया वार्षिक सम्मेलन

# जरूरतमंद लोगों की मदद करना पुण्य का कार्यः डॉ. कमल गुप्ता



**हिसार।** कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. कमल गुप्ता, सावित्री जिंदल व बजरंग गर्ग बच्चों को आशीर्वाद देते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

### अग्रवाल सेवा समिति का 28वां वार्षिक सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

श्री अग्रवाल सेवा समिति का 28वां विशाल वार्षिक सम्मेलन अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष व व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुआ। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री व प्रमुख उद्योगपति श्रीमती सावित्री जिंदल व हरियाणा शहरी निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता थे। कार्यक्रम में प्रमुख समाजसेवी नारायण दास बंसल, रामकुमार रालवासिया, अंजनी खारियावाला, राकेश अग्रवाल, सत्यप्रकाश राजलीवाला, तरुण जैन, योगेश मित्तल, डॉ नरेंद्र गुप्ता, अनिल गुप्ता, अश्विनी गर्ग, विपिन गोयल व विनोद जैन विशिष्टि अतिथि थे। कार्यक्रम में पीजीएसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा भगवान श्री राधा कृष्ण जी व कृष्ण सुदामा आदि भव्य भजनों पर संस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर श्रीमती सावित्री जिंदल ने कहा कि जरूरतमंद की मदद करना पुण्य का कार्य है। श्री अग्रवाल सेवा समिति अनेकों वर्षों से सेवा कार्य में लगी हुई है। शहरी निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता ने कहा कि हम सबको सामाजिक व धार्मिक कार्यों में मिलजुल कर सबकी मदद करनी चाहिए। समिति लगभग 28 सालों से जनसेवा के कार्यों में लगी हुए हैं। बजरंग गर्ग ने कहा कि मानव सेवा से देवी-देवता प्रसन्न होते हैं। मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म है और वैश्य समाज देश व प्रदेश में रात-दिन जनता की सेवा में लगा हुआ है। हमारी समिति जरूरतमंद को राशन व समान देने के साथ-साथ गरीब कन्याओं की शादी के साथ-साथ अनेकों सामाजिक व धार्मिक कार्य कर रही है। समिति के प्रधान शिव कुमार गोयल ने आए हुए अतिथियों का सम्मान किया। श्री गोयल ने समिति के कार्यों की पूरी जानकारी दी और कहा कि मारा मुख्य उद्देश्य जनता की सेवा करना है।

#### मौके पर ये लोग थे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व मेयर शकुंतला राजलीवाला, प्रधान शिव कुमार गोयल, उप प्रधान सीताराम सिंगल व सुरेंद्र गर्ग, महासचिव राजीव सिंगल, कोषाध्यक्ष वेद प्रकाश बंसल, सचिन प्रवीण बंसल, सह सचिव अमित गुप्ता, इंद्र चंद बंसल, सतेंद्र गोयल, नरेश बंसल, मोहित गुप्ता, जय कुमार बंसल, निर्मल गावड़िया, अनाज मंडी एसोसिएशन के जिला प्रधान पवन गर्ग, अग्रोहा धाम वैश्य समाज के जिला प्रधान एनके गोयल, सीए अशोक गोयल, पार्षद प्रतिनिधि जगमोहन मित्तल, सीए रामबाबू, बलराज मित्तल, श्याम नारायण गुप्ता, मदनलाल, प्रवीण जैन, बजरंग असरावां, सत्य प्रकाश आर्य, मनीराम अग्रवाल, जितेंद्र गोयल, विनोद गोयल, राजेंद्र बंसल, निरंजन गोयल, राहुल गर्ग, सुरेश सिंगला आदि समाज के प्रतिनिधि भारी संख्या में मौजूद थे।

# संडे ध्यान कार्यक्रम आयोजित

- कुंडलिनी ध्यान करवाया और उसके फायदे बताए

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



**हिसार।** कौशिक नगर स्थित साधना केंद्र में आयोजित ध्यान कार्यक्रम में उपस्थित साधक।

ओशो सिद्धार्थ फाउंडेशन के तत्वाधान में ओशोधारा मैत्री संघ ने अपने कौशिक नगर स्थित साधना केंद्र में संडे ध्यान का कार्यक्रम आयोजित किया। आचार्य रविन्द्र ने कुंडलिनी ध्यान करवाते हुए बताया कि कुंडलिनी का पूरा विज्ञान मूलाधार से ऊर्जा को दसवें द्वार तक पहुंचाने का है। कुंडलिनी ध्यान में सभी चक्रों पर समान रूप से कार्य किया जाता है। जैसे-जैसे हमारे यह चक्र एक्टिव होते हैं तो स्वास्थ्य, संयम, सुरक्षा और प्रेम हमारे जीवन में विकसित होते हैं। इसलिए यह आपकी जागरूकता को बढ़ाता है और आपको अपने अहंकार से आगे बढ़ने में मदद करता है। इस ध्यान से आपकी कुंडलिनी ऊर्जा या शक्ति को सक्रिय करना है। ध्यान का समापन उत्सव के साथ किया और सभी मित्र बहुत ही आनंदित और ऊर्जावान महसूस कर रहे थे। आज के सेशन में 70 से अधिक मित्रों ने हिस्सा लिया। ओशोधारा ने हर सप्ताह देश में कहीं न कहीं 3 दिवसीय कार्यक्रम रखना तय किया है। इसी कड़ी में 9 से 11 फरवरी को हिसार में ध्यान योग करवाया जायेगा। ध्यान के बाद टीम सद्गुरु के सदस्यों की मीटिंग हुई और हिसार में होने वाले ध्यान योग को सफल बनाने की रुपरेखा तैयार की। सभी मित्रों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# बीपीएल कॉलोनी में बांटी रजाइयां

- मंडी आदमपुर की श्री रामचरित मानस सुंदरकांड प्रचारिणी सभा का कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭आदमपुर



**आदमपुर।** बीपीएल कॉलोनी में बांटी रजाइयां वितरित करते सुंदर कांड प्रचारिणी सभा के पदाधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

मंडी आदमपुर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था श्री रामचरित मानस सुंदरकांड प्रचारिणी सभा द्वारा गर्म रजाई वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत भादरा रोड़ पर बीपीएल कॉलोनी में रहने वाले 10 जरुरतमंद परिवारों को गर्म रजाइयां वितरित की गई। सभा के प्रधान राजेंद्र भारती ने कहा कि इस भयंकर कड़ाके की सर्दी में आज जहां घरों में ही रहना मुश्किल है। इसी दर्द को समझते हुए हमें इन गरीब लोगों की सहायता करनी चाहिए। गरीबों की मदद करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। सभा के कोषाध्यक्ष मास्टर दिनेश गर्ग ने कहा कि आदमपुर व अन्य गावों, शहरों में सुंदरकांड पाठ व भजन संकीर्तन कार्यक्रम किया जाता है। जो भी दानराशि प्राप्त होती है उन्हें सभा के सदस्यों द्वारा सामाजिक कार्यों में लगाया जाता है।

# खेल से बच्चों का होता है विकास

- गांव हिंदवान में आयोजित नौवीं खेल प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



**हिसार।** खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के साथ बैंक प्रबंधक रामफल वर्मा।

हिसार को-ऑपरेटिव बैंक हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के शाखा प्रबंधक रामफल वर्मा ने कहा है कि खेल से बच्चों का मानसिक और बौद्धिक विकास होता है। आज के इस मोबाइल के आधुनिक युग में बच्चों को मोबाइल से दूर रखकर खेल रूपी मोबाइल को मैदान में ले जाकर बच्चों को खिलाना चाहिए। निकटवर्ती गांव हिंदवान में आयोजित नौवीं खेल प्रतियोगिता में उन्होंने बच्चों के अभिभावकों को भी है सलाह दी कि आज का जो परिवार है, वह बहुत छोटा हो गया है और बच्चों को अधिक लाड प्यार देने से बच्चे बिगड़ रहे हैं। संस्कारों की कमी होती जा रही है। हमारे प्राचीन संस्कार ही हमारी संस्कृति को बचा सकते हैं। बच्चे यदि हमारे बुजुर्गों के साथ बैठते हैं तो वह अपने जीवन की घटित घटनाओं को बच्चों को बताएंगे और बच्चे उसे अपनी पुरानी संस्कृति को सीख कर एक अच्छे समाज का निर्माण करेंगे। हमें बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलने का भी पूरा मौका देना चाहिए जिससे बच्चों का शारीरिक विकास भी हो सके।

# बेरोजगारी को इनेलो ही करेगी दूर : कर्ण

- युवा कार्यकर्ता सम्मेलन को किया संबोधित, प्रदेश स्तरीय युवा न्याय सम्मेलन के लिए लगाई ड्यूटियां

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



**हिसार।** जिला स्तरीय युवा सम्मेलन में उपस्थित युवा इनेलो प्रभारी कर्ण चौटाला व अन्य पदाधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

कैथल में 21 जनवरी को होने वाला युवा इनेलो के प्रदेश स्तरीय युवा न्याय सम्मेलन ऐतिहासिक होगा। इस सम्मेलन के साथ प्रदेश की युवा शक्ति प्रदेश सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए चुनावों में जुटने का आगाज करेगी। यह बात युवा इनेलो प्रभारी कर्ण चौटाला ने सिरसा रोड स्थित ताऊ देवीलाल सदन में आयोजित जिला स्तरीय युवा कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। बैठक में करण चौटाला द्वारा जहां कार्यकताअरं को युवा न्याय सम्मेलन का निमंत्रण दिया गया, वहीं उनकी ड्यूटियां भी लगाई गई। सम्मेलन की अध्यक्षता युवा इनेलो जिलाध्यक्ष विकास श्योराण ने की। इस दौरान युवा इनेलो प्रदेशाध्यक्ष उदयवीर सिंह राणा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए कर्ण चौटाला ने प्रदेश सरकार को हर मामले में फेल करार दिया। उन्होंने कहा कि चुनावों में हर साल लाखों युवाओं को रोजगार देने का दावा करने वाली भाजपा के राज में हरियाणा देशभर में बेरोजगारी के मामले में पहले स्थान पर पहुंच गया है। आ उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला के शासनकाल में युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाया गया था।

#### युवा इनेलो होगा मजबूत

युवा इनेलो जिलाध्यक्ष विकास श्योराण ने कहा कि जल्द ही जिला में बूथ स्तर पर युवा इनेलो को मजबूत बनाने का काम किया जाएगा। उन्होंने सम्मेलन में युवाओं की ओर से मांग उठाई कि हिसार लोकसभा सीट से चौटाला परिवार से कर्ण चौटाला या अर्जुन चौटाला चुनाव लड़ें और युवाओं को नेतृत्व प्रदान करें। 21 जनवरी को कैथल में होने वाले सम्मेलन में हिसार जिला से हजारों की संख्या में युवा भाग लेंगे। इस अवसर पर इनेलो के राष्ट्रीय प्रवक्ता उमेद लोहान, जिलाध्यक्ष सतबीर सिसाय आदि मौजूद रहे।

# श्री जंभवाणी हरिकथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭आदमपुर



स्वामी राजेन्द्रानंद महाराज।

- स्वामी राजेन्द्रानंद हरिद्वार वाले करेंगे कथा वाचन

नजदीकी गांव सदलपुर में सोमवार आठ जनवरी से श्री जंभवाणी हरिकथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसमें स्वामी श्री राजेन्द्रानंद हरिद्वार वाले कथा वाचन करेंगे। प्रधान ओमप्रकाश राहड़ ने बताया कि ग्राम पंचायत एवं समस्त ग्रामीणों के आयोजन में बिश्नोई सभा सदलपुर के सौजन्य से होने वाली इस कथा का समय दोपहर 12.15 बजे से 3.15 बजे तक रहेगा। उन्होंने बताया कि 8 से 14 जनवरी तक होने वाली इस कथा के उपरांत 14 जनवरी को सुबह सवा आठ बजे हवन होगा। इसके बाद सवा 10 बजे प्रसाद ग्रहण का कार्यक्रम होगा। प्रधान ओमप्रकाश राहड़, उप प्रधान रामस्वरूप कालीराणा, कोषाध्यक्ष हवासिंह खिचड़ एवं सचिव विनोद जाजूदा ने बताया कि हरिकथा ज्ञान यज्ञ के आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई है। श्रद्धालुओं से शामिल होने की अपील की।

# वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाया

- ट्रैफिक पुलिस हर दिन वाहन चालकों को कर रही जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



**हिसार।** रिफलेक्टर टेप लगाते पुलिस कर्मचारी। *फोटो: हरिभूमि*

ट्रैफिक पुलिस धुंध के समय होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगा वाहन चालकों को जागरूक कर रही है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में हर दिन यह अभियान चल रहा है। पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने कहा है कि धुंध के दौरान वाहन चालक अधिक सावधानी के साथ ट्रेफिक नियमों की पालना करते हुए वाहन चलाएं ताकि उनकी यात्रा सुरक्षित हो। पुलिस सभी प्रकार के निजी और वाणिज्यिक वाहनों के साथ ट्रेक्टर ट्रॉली पर रिफ्लेक्टर टेप लगा रही है। साथ ही सड़क के किनारे खड़े पेड़ों, साइन बोर्डों और डिवाइडर पर भी रिफ्लेक्टर टेप लगाए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपना वाहन निर्धारित गति सीमा के साथ अपनी लेन में चलाएं, लेन नियमों की पालना सुनिश्चित करें, लेन नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करेगी। धुंध के मौसम मे वाहन चालकों को अधिक सावधानी के साथ यातायात के नियमों पर पूरी तरह से ध्यान रखकर वाहन चलाने की आवश्यकता है ताकि वे सुरक्षित यात्रा कर सकें। पुलिस अधीक्षक ने वाहन चालकों से धुंध में धीमी गति और पूरी सावधानी से वाहन चलाने की अपील की है। उन्होंने कहा की वाहनों पर रिफलेक्टर टेप लगवाने के साथ ही फॉग लाइट का प्रयोग करें। कोहरे में आगे वाले वाहन से गाड़ी निश्चित दूरी व अपनी लेन पर वाहन चलाएं।

# हांसी पुलिस ने हादसे से बचाव की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी



**हांसी।** ट्रालियों के पीछे रिफ्लेक्टर टेप लगाता यातायात पुलिस कर्मी।

हांसी पुलिस द्वारा सर्दी के मौसम में पड़ने वाले घने कोहरे के कारण सड़कों पर विजिबिलिटी कम होने व सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ने के मद्देनजर जिलेभर में ट्रेक्टर ट्रालियों, छोटे-बड़े व कॉमर्शियल वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए जाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही हांसी ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों को जागरूक करते हुऐ यातायात नियमों, सड़क दुर्घटनाओं के कारण एवं बचाव के उपाय के बारे जानकारी दे रही है। पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद ने वाहन चालकों से कहा है कि वाहन सड़क किनारे या दुर्घटना संभावित क्षेत्र में पार्क न करे और यातयात के नियमों की पालना करें।

## महिला थाना पुलिस ने खिलाड़ियों को दी जानकारी

# पुलिस ने महिला अपराध के प्रति किया जागरूक

- सेफ सिटी कैंपेन के तहत महावीर स्टेडियम में गर्ल्स खिलाड़ियों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



**हिसार।** खिलाड़ियों को जागरूक करते महिला पुलिस की टीम। *फोटो: हरिभूमि*

सेफ सिटी कैंपेन के तहत महिला थाना पुलिस महिलाओं और लड़कियों को उनके अधिकारों और महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक कर रही है। इसी कड़ी में महिला पुलिस ने महावीर स्टेडियम में चल रहे 67वे राष्ट्रीय स्कूल खेल अंडर-19, हैंडबॉल चैंपियनशिप के दौरान गर्ल्स खिलाड़ियों को महिला सुरक्षा और महिलाओं और बच्चों के विरूद्ध होने वाले अपराधों सहित साइबर अपराध की भी जानकारी दी। इसके साथ ही उन्हें बताया कि किन छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर वह इन अपराधों से बच सकते हैं।

उन्होंने 112 इंडिया और दुर्गा शक्ति के बारे में जानकारी देते हुए महिलाओं के मोबाइल में यह ऐप डाउनलोड कराई। उन्हें बताया गया कि ऐप में दिए गए इमरजेंसी बटन के जरिए वह हर मुश्किल में पुलिस की हेल्प ले सकती है।

#### नशे के खिलाफ रहें जागरूक

पुलिस टीम ने महिला सुरक्षा अभियान के दौरान गर्ल्स खिलाड़ियों को पॉक्सो एक्ट के बारे में बताया कि पॉक्सो एक्ट 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को संरक्षण प्रदान करता है। इस कानून के तहत कोई भी बच्चा पुलिस को अपने साथ हुए अन्याय की शिकायत दर्ज करवा सकता है। उन्होंने बताया कि लड़किया अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सतर्क रहें। महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराध की रोकथाम को लेकर पुलिस सतर्क है। पुलिस टीम ने गर्ल्स खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे अपने खेल पर ध्यान दे। नशे के खिलाफ जागरूक रहे और दूसरों को भी जागरूक करें।

# एनएसएस शिविर का हुआ समापन

- स्वयंसेविकाओं को व्यक्तित्व विकास के लिए किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



**हिसार।** एनएसएस शिविर के समापन पर उपस्थित अध्यापक, मुख्य अतिथि व छात्राएं।

सुशीला भवन रोड स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एनएसएस कैंप का वार्षिक साप्ताहिक शिविर का समापन रविवार को हुआ। शिविर में बाल कल्याण समिति सदस्य एवं एडवोकेट वीरेंद्र कुमार शर्मा मुख्य अतिथि रहे। अग्रोहा से जनरल सर्जन डॉक्टर सोनाली ने प्रतिभागियों के स्वास्थ्य की जांच की। इस अवसर पर प्राचार्य कांति कमल ने स्वयं सेविकाओं को नशा मुक्ति की जानकारी दी और प्रदेश को प्रगति के पथ पर ले जाने की अपील की। एडवोकेट वीरेंद्र कुमार शर्मा ने स्वयं सेविकाओं को शिक्षा के अधिकार, उनके मौलिक अधिकार, बाल रक्षा के लिए कानून तथा देश के प्रति कर्तव्य से अवगत करवाया। कार्यक्रम अधिकारी स्टेट डिस्ट्रिक कॉर्डिनेटर नरेंद्र दुहन ने बताया कि एनएसएस शिविर के इन सात दिनों में स्वयंसेविकाओं के व्यक्तित्व विकास के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान स्कूल के अधिकारी व अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### बरवाला रेलवे स्टेशन की कमेटी का गठन

**बरवाला।** बरवाला रेलवे स्टेशन की कमेटी का गठन कर दिया गया है। इस कमेटी में भाजपा के पांच पदाधिकारियों व कार्यकताअरं को शामिल किया गया है। कमेटी की नवनियुक्त सदस्य आशा चुघ ने बताया कि इस कमेटी में भाजपा मंडल बरवाला प्रधान महेश शर्मा, भाजपा महिला मोर्चा मंडल बरवाला अध्यक्ष आशा चुघ, भाजपा जिला मीडिया सह प्रभारी मनोज रहेजा, एससी मोर्चा जिला सचिव संदीप वाल्मीकि और भाजपा नेता राजबीर वर्मा को शामिल किया गया है। इन नवनियुक्त सदस्यों ने भाजपा हाइकमान का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारीपूर्ण पद सौंपा गया हैं वो उस पद की गरिमा को बनाए रखेंगे। बरवाला रेलवे स्टेशन कमेटी के संबंध में किसी प्रकार की शिकायत का मौका नहीं आने दिया जाएगा।

### पूर्णत भ्रष्टाचार मुक्त भारत कार्यक्रम का आयोजन 11 को

**हिसार।** नौजवान भारत सभा की ओर से 11 जनवरी को हिसार के सेक्टर 14 स्थित पंजाबी भवन में पूर्णत भ्रष्टाचार मुक्त भारत



कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें समाजसेवी, अध्यापक, कर्मचारी, सेवानिवृत फौजी, नौजवान, किसान व विद्यार्थियों को आने का निमंत्रण दिया गया है। नौजवान भारत सभा के अध्यक्ष संदीप आर्य ने बताया कि यह कार्यक्रम 11 जनवरी को पंजाबी भवन में सुबह 11 बजे शुरू होगा। इसमें वर्तमान में भारत में भ्रष्टाचार की स्थिति पर विचार-विमर्श करते हुए पूर्णत भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने बारे विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने बताया कि छात्र शक्ति भारत की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में 6-6 वर्ष के शोध के पश्चात निकाले गए निष्कर्ष के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## भाजपा नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया व प्रदेश सचिव कैप्टन भूपेन्द्र का अभिनंदन समारोह आयोजित

# जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने ग्रहण किया पदभार

जिला कार्यालय में आयोजित अभिनंदन समारोह में भारी ठंड के बावजूद विभिन्न क्षेत्रों से आए कार्यकताअरं ने पार्टी के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया एवं प्रदेश सचिव कैप्टन भूपेन्द्र, का अभिनंदन समारोह में रविवार को आयोजित किया गया। जिला कार्यालय में आयोजित अभिनंदन समारोह में भारी ठंड के बावजूद विभिन्न क्षेत्रों से आए कार्यकताअरं ने पार्टी के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया। इसके साथ ही नवनियुक्त जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कार्यभार भी संभाल लिया।

अभिनंदन समारोह एवं पदभार ग्रहण कार्यक्रम में जिला प्रभारी एवं पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा, राज्यसभा सांसद डॉ. डीपी वत्स, विधायक विनोद भ्याणा, मेयर गौतम सरदाना, सीनियर डिप्टी मेयर अनिल सैनी, वरिष्ठ नेता श्रीनिवास गोयल ने मुख्य रूप से कार्यक्रम में शिरकत की। इन नेताओं ने अपने संबोधन में नवनियुक्त पदाधिकारियों सुरेन्द्र पूनिया, कैप्टन भूपेन्द्र व आशा खेदड़ को बधाई दी।







**हिसार।** अभिनंदन समारोह में मंच पर उपस्थित डॉ. कमल गुप्ता, सांसद डॉ. डीपी वत्स, महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया, सचिव कैप्टन भूपेन्द्र, जिला अध्यक्ष आशा खेदड़ एवं अन्य तथा नवनियुक्त जिला अध्यक्ष आशा खेदड़ का स्वागत करती महिलाओं की टीम। *फोटो : हरिभूमि*

***कार्यक्रम में ये रहे उपस्थितः*** *इस अवसर पर उपरोक्त के अलावा जिला महामंत्री एडवोकेट धर्मबीर रतेरिया, प्रवीण पोपली, जिला मीडिया प्रमुख राजेन्द्र सपड़ा, जिला उपाध्यक्ष अशोक सैनी, कृष्ण बिश्नोई, अशोक कन्नौजिया, जिला मंत्री रणधीर धीरू, संजीव रेवड़ी, साधुराम जाखड़, कृष्ण खटाणा, रणधीर पनिहार, सरोज सिहाग, सतबीर वर्मा, महाबीर प्रसाद, मनदीप मलिक, रवि सैनी, प्रवीण जैन, सुरेश गोयल धूपवाला, वेद नारंग, बरवाला चेयरमैन रमेश सरदाना, उकलाना चेयरमैन सुशील साहू, अमर पातड़, युवा मोर्चा से गायत्री यादव, सुषमा पांचाल, सीमा शर्मा, सीमा गोदारा, पीयूष महता, अनिल केरों, रविन्द्र रॉकी व महेन्द्र पानू सहित सभी मंडलों के अध्यक्ष, मोर्चों व प्रकोष्ठों के संयोजकों सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।*

### महिलाओं ने किया स्वागत

*भाजपा की ओर से पहली बार हिसार में महिला जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर महिलाओं की टीम ने जिला कार्यालय पहुंचने पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ का स्वागत किया गया। महिलाओं ने इस बार पर खुशी जताई कि पार्टी ने जिला अध्यक्ष के रूप में पहली बार महिला को पदभार संभलवाकर महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुषमा पांचाल के नेतृत्व में गायत्री यादव, रवीना, सीमा शर्मा, सीमा गोदारा, मीनू भुटानी व अन्य ने उनका स्वागत किया।*

### कैप्टन भूपेन्द्र ने जताया आभार

*कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नवनियुक्त प्रदेश सचिव कैप्टन भूपेन्द्र ने अपने तीन साल के कार्यकाल के दौरान सहयोग देने पर सभी कार्यकताअरं व पदाधिकारियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार सबने सहयोग करके हिसार को नंबर वन रखा, ऐसे ही प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया व जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ का सहयोग करके जिले को नंबर वन पर बनाए रखें। उन्होंने कहा कि पार्टी हाईकमान ने उन्हें जो नई जिम्मेवारी सौंपी है, उस पर खरा उतरने का प्रयास करते हुए सभी नवनियुक्त पदाधिकारी केन्द्र व प्रदेश में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने में अपनी पूर्ण भूमिका निभाएंगे।*

# डॉ. गौरव सैनी बनें राजस्थान में गंगापुर सिटी के कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



- सेवानिवृत जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. दलबीर सैनी के पुत्र हैं डॉ. गौरव

हिसार निवासी एवं राजस्थान बैच के आईएएस अधिकारी डॉ. गौरव सैनी को राजस्थान सरकार ने नवगठित गंगापुर सिटी जिले का कलेक्टर नियुक्त किया है। डॉ. गौरव की कलेक्टर के पद पर यह पहली पोस्टिंग है। इससे पहले वे विभिन्न विभागों में अलग-अलग पदों पर कार्य कर चुके हैं।


जिला कलेक्टर का पदभार संभालने के बाद डॉ. गौरव सैनी ने बताया कि सरकार की नीतियों अनुसार काम करना व जनता तक उन नीतियों को सही ढंग से पहुंचाना एक अधिकारी का कर्तव्य होना चाहिए। एक अधिकारी को अपने सेवाकाल के दौरान अलग-अलग कार्य व पोस्टें मिलती हैं, हमें वह कार्य कर्तव्यनिष्ठा व ईमानदारी से निभाने चाहिए। जिले को पारदर्शी प्रशासन देना व सेवाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिलावासियों व अधिकारी वर्ग के सहयोग से जिले को बेहतर प्रशासन देना ही उनकी प्राथमिकता है। ज्ञात रहे कि आईएएस डॉ. गौरव सैनी हिसार के सेवानिवृत जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. दलबीर सिंह सैनी एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढ़ाणी खान बहादुर की प्राचार्या नेशनल अवार्डी डॉ. संगीता सैनी के पुत्र हैं। आईएएस में चयन होने के बाद उन्हें राजस्थान बैच मिला था। इसके बाद वे राजस्थान में एसडीएम रतनगढ़, एसडीएम माउंट आबू, सीईओ जिला परिषद अजमेर सहित विभिन्न विभागों में कार्यरत रहे। अब उन्हें नवगठित जिले गंगापुर सिटी का कलेक्टर नियुक्त किया गया है।

# डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने गांव भेरियां में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में की शिरकत

- नागरिकों की सुनीं समस्याएं, समस्याओं का समाधान करवाने का दिया आश्वासन
- डॉ. बीआर अंबेडकर सभा के आयोजित कार्यक्रम में भी की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने रविवार को गांव भेरियां में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने नागरिकों की समस्याओं को सुना और समस्याओं का समाधान करवाने का आश्वासन भी दिया। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि वर्तमान सरकार ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का काम किया है। पूरे प्रदेश में बिना भेदभाव के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहरों की तर्ज पर गांवों में भी विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। हरियाणा पहला ऐसा प्रांत है, जहां पर परिवार पहचान-पत्र शुरू किया गया है। परिवार पहचान पत्र के माध्यम से लोगों को घर बैठे सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाएं, जिसमें बीपीएल परिवारों को राशनकार्ड, बुढ़ापा व विधवा पेंशन आदि योजनाओं का लाभ सुगमता से मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति के सुख-दुख का ध्यान रखना सरकार का दायित्व है। गरीब का अधिकार गरीब को ही मिले, इसके तमाम प्रयास किए जा रहे हैं।



**हिसार।** भेरियां में ग्रामीणों की शिकायतें सुनते डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा।

आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से जरूरतमंद लोगों का इलाज किया जा रहा है। डिप्टी स्पीकर ने डॉ. बीआर अंबेडकर सभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भी शिरकत की और बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की फोटो के समक्ष पुष्प अर्पित कर नमन भी किया। उन्होंने कहा कि डॉ. बीआर अंबेडकर ने प्रत्येक गरीब वर्ग को उसका अधिकार दिलाने का काम किया है। इस अवसर पर डॉ. दलबीर भारती, एसपी चालिया, रघुबीर सुंडा, वरिष्ठ भाजपा नेता महाबीर प्रसाद, रूपराम, सुरजीत भेरिया, सुनील चोयल सहित अनेक ग्रामीण उपस्तिथ थे।

